**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 24.04.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा——भारत, सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सख्त सजा देगा।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज 2025–26 के लिए खसरा–रूबेला उन्मूलन अभियान की शुरुआत की।
- युवा मामले और खेल मंत्री ने आज 'डिजी–लॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण–पत्र जारी करने' के पहल की शुरुआत की।
- राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने समुदाय–केंद्रित परियोजनाओं को शुरू करने के लिए पी आर आई के प्रयासों की सराहना की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और उसे सहायता देने वालों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और पहलगाम हमले के दोषियों को दंडित करेगा। श्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज बिहार के मधुबनी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या की और ये हमला केवल पर्यटकों पर नहीं हुआ, बल्कि भारत पर हुआ है। प्रधानमंत्री ने अपना संबोधन शुरू करने से पहले पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन भी रखा।

<><><><><><><>

कलकत्ता उच्च न्यायालय के पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच में पहलगाम आतंकी हमले में अपनी जान गंवा चुके मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। दी गई।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में 2025–26 के लिए खसरा–रूबेला उन्मूलन अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर श्री नड्डा ने कहा कि इस वर्ष जनवरी से मार्च तक देश के 322 जिलों में खसरा जबकि 487 जिलों में रूबेला का कोई मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम है। उन्होंने राज्यों से खसरा और रूबेला बीमारी को खत्म करने के लिए टीकाकरण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सभी विधायकों, सांसदों, स्थानीय तथा पंचायत प्रमुखों की समावेशी भागीदारी का भी आह्वान किया।

<><><><><><><>

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत मध्योत्तर अंडमान में जागरूकता उत्पन्न करने और योजना के तहत लक्षित समूह के नामांकन को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाया गया। संबंधित क्षेत्र के ग्रामीण विकास विभाग और ग्राम पंचायत की भागीदारी से रंगत, मायाबंदर और डिगलीपुर तहसील में 3 शिविर आयोजित किए गए। तहसील के सहायक आयुक्तों ने अभियान का नेतृत्व किया है और उद्योग निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में योजना के महत्व और कारीगरों की सामाजिक आर्थिक स्थिति को बढ़ाने के लिए प्राप्त किए जा सकने वाले लाभों पर विचार–विमर्श किया गया। उद्योग विभाग के उप निदेशक अजीत आनंद ने योजना के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज 'डिजी–लॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण–पत्र जारी करने' के पहल की शुरुआत की। इस पहल के तहत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा करने या जीतने पर एथलीटों को डिजिटल प्रमाण–पत्र दिए जाएंगे। इसका उद्देश्य एथलीटों की उपलब्धियों के रिकॉर्ड को सुरक्षित रखना और उनका डिजिटली करण करना है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने खेल क्षेत्र को एथलीट केंद्रित दिशा में निर्देशित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि कई खिलाड़ी अक्सर अनुचित प्रमाणन के कारण रोजगार और शिक्षा के अवसरों से चूक जाते हैं। ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की महत्वाकांक्षाओं के बारे में उन्होंने कहा कि प्रत्येक खेल का

अपना ओलंपिक केंद्र होगा। उन्होंने 2036 ओलंपिक और 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करने की भारत की संभावनाओं पर भी विश्वास व्यक्त किया।

<><><><><><><>

विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस कल मनाया गया। इस अवसर पर राज्य पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने किया। उन्होंने ज्ञान, कल्पना और आलोचनात्मक सोच कौशल को आकार देने में पुस्तकों के महत्व पर जोर दिया। पुस्तक प्रदर्शनी में विभिन्न विधाओं की 850 से अधिक पुस्तकों का विशाल संग्रह है। उप–शिक्षा निदेशक (विज्ञान) अर्चना सिंह ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में इस दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी।

पुस्तक प्रदर्शनी कल तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त और ग्रामीण विकास, पंचायती राज और स्थानीय निकाय के सचिव अर्जुन शर्मा ने टेलराबाद गांव में एक सांस्कृतिक शेड के निर्माण की आधारशिला रखी। यह इस क्षेत्र में सामुदायिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समारोह में सिप्पीघाट की प्रधान ज्योति, खंड विकास अधिकारी, कार्यकारी अभियंता, वार्ड सदस्य, पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपायुक्त ने पंचायतों में इस तरह की समुदाय–केंद्रित परियोजनाओं को शुरू करने के लिए पी आर आई के प्रयासों की सराहना की।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार आज अपने एक दिवसीय दौरे पर कैम्पबेल बे पहुंचे। उन्होंने राजीव नगर के सुनामी सेल्टर और न्यू चिन्गेन में लोगों से मुलाकात की। मुख्य सचिव ने आदिवासी परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और गांव कप्तानों से क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बाद में उन्होंने विभिन्न विकासीय परियोजना क्षेत्र का भी दौरा किया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन –एनडीए के उम्मीदवार साहुल हमीद ने श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष का चुनाव जीत लिया है। श्री हमीद ने 15 वोटों के मुकाबले 9 वोटों से स्पष्ट बहुमत के साथ यह पद हासिल किया। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विशाल जॉली ने साहुल हमीद को इस जीत के लिए हार्दिक बधाई दी।

<><><><><><><>